धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रविवार 02.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 43

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

## स्पीड न्यूज

### उपेंद्र हत्याकांड में आरोपी भाइयों का बयान दर्ज

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या कराने के नामजद आरोपी सिंटू सिंह व पिंटू सिंह का सफाई बयान शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में दर्ज किया गया। कोर्ट को दिए बयान में दोनों ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें इस मामले में फंसा दिया गया है। 7 फरवरी 23 को पुलिस ने सिंटू व पिंटू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या एक फरवरी 23 को पीके राय मेमोरियल कॉलेज के पास गोली मारकर कर दी गई थी। उपेंद्र सिंह की पत्नी ने चचेरे देवर पिंटू सिंह, सिंटू सिंह, प्रिंस खान, गॉडविन खान और केंदुआ के राजेश चौहान सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी दोषी करार, सजा कल

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुराचार के मामले में शनिवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने शास्त्री नगर धोबाटांड निवासी इंद्रकुमार विश्वकर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत सजा के बिंदु पर फैसला 3 जून को सुनाएगी। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर 9 फरवरी 2018 को बैंक मोड़ थाना में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 8 फरवरी 2018 को रात्रि साढ़े बारह बजे आरोपी नाबालिग को शादी की नीयत से बहला फुसलाकर कर भगा कर रांची ले गया। वहां मंदिर में शादी की। रांची में एक कमरा ले कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने अनुसंधान के बाद 30 अप्रैल 2018 को आरोपी के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दायर किया था। अदालत ने 5 सितंबर 2018 को आरोपी इंद्रकुमार विश्वकर्मा के खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया। अभियोजन ने केस विचारण के दौरान 9 गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया था।

### लॉ कॉलेज के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद।** धनबाद के लॉ कॉलेज श्मशान के समीप शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों के बीच हड़कंप मच गया। बता दें कि सुबह जब लोगों को जानकारी मिली तो सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। स्थानीय पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है। फिलहाल। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार किसी धारदार हथियार से हत्या कर शव श्मशान के समीप फेंक दिया गया है। हालांकि इस पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन या स्थानीय लोग कुछ भी कहने से बच रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शव की पहचान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्कार्पियो सवार नाबालिग की जमानत अर्जी खारिज

**धनबाद।** बिरसा मुंडा पार्क के समीप रेसिंग लगाने में स्कूटी सवार दो सगी बहनों को धक्का मारने के आरोपी स्कार्पियो सवार नाबालिग की जमानत अर्जी शनिवार को प्रभारी जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के अध्यक्ष एम जेड तारा की अदालत ने खारिज कर दी है। सहायक लोक अभियोजक गौरव कुमार गौड़ ने अदालत को बताया कि भले ही आरोपी नाबालिग है, परंतु उसके द्वारा किया गया कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए उसके प्रति सहानुभूति बरतने से समाज में गलत संदेश जाएगा।

## उपायुक्त ने कर्मियों को दिये काउटिंग में अनुशासन बनाए रखने के आदेश

# पूरी पारदर्शिता के साथ होगी वोटों की गिनती

### न्यू-टाउन हॉल में कर्मियों और पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मतगणना केंद्र पर अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को न्यू-टाउन हॉल में पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और पारदर्शिता के तहत ही मतगणना की सारी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। सभी कर्मी पारदर्शिता के साथ और ध्यान केंद्रित कर वोटों की गिनती करेंगे। काउंटिंग नॉन स्टॉप चलेगी। शुरू से अंत तक हर राउंड में, सतर्क रहकर गिनती करनी होगी। लापरवाही की गुंजाइश और एक अंक की भी गलती नहीं होनी चाहिए। फ्लो चार्ट से कंट्रोल यूनिट का मिलान कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मी जिला प्रशासन द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र लगाकर समय पर कृषि बाजार समिति पहुंचेंगे। मतगणना केंद्र से बाहर निकलने पर कांउटिंग एजेंटों को दोबारा एंट्री नहीं दी जाएगी। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन या किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। पूरा परिसर नो स्मोकिंग जोन रहेगा। यहां वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पहुंचने के लिए कलेक्ट्रेट से रिंग बस सेवा उपलब्ध रहेगी।

### पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती

मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने काउंटिंग एजेंटो को बताया कि केंद्र पर सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से डाले गए मतों की गिनती होगी। उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में डाले गए मतों की गिनती शुरू करनी है। सभी को आवश्यक प्रपत्र पर हस्ताक्षर भी करना होगा। मतगणना के दौरान ही गिने गए मशीनों की रीसीलिंग प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। इस पर भी उनके हस्ताक्षर लिये जाएंगे।

### प्रशिक्षण में ये रहे शामिल

न्यू टाउन हॉल में काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर, पोस्टल बैलट व कंट्रोल यूनिट की गिनती की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट रिसीलिंग की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एजेंटो ने कई सवाल भी पूछे, जिसका प्रशिक्षकों ने समाधान किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में कुमार वंदन, कुलदीप, पुष्कर चंद्र झा, देवेश त्रिवेदी, राहुल सिंह आदि ने योगदान दिया।

## मतगणना में न हो कोई चूक चाक-चौबंद रहे पूरी व्यवस्था

### बरवाअड्डा में उपायुक्त ने लिया मतगणना की तैयारियों का जायजा, दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती मंगलवार चार जून को होगी। धनबाद संसदीय क्षेत्र की मतगणना बाजार समिति में होनेवाली है। शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे सीसीटीवी कैमरे के सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम, प्रत्याशियों के बैठने, मीडिया सेंटर, हेल्प डेस्क, मेडिकल डेस्क, दीदी किचन, आरओ टेबल, आब्जर्वर टेबल की तैयारियों जांचा-परखा और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में कोई चूक न हो, इस बात का ध्यान रखना है। शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभी एआरओ ने अपने अपने क्षेत्र के मतगणना हॉल में आवश्यक सामग्री, टेबल, कुर्सी समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# गिरिडीह में चार जून को मतगणना की तैयारी पूरी

### ●डीसी और एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** चार जून को होने वाले कोडरमा लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उपचुनाव के मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शनिवार को जिला निर्वाच पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि चार जून को पचंबा विशनपुर स्थित बाजार समिति कृषि उत्पादन केंद्र में सुबह आठ बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा। उपायुक्त ने कहा कि कोडरमा लोकसभा के अर्तगत विधानसभावार मतगणना की जायेगी। बताया कि कोडरमा विधानसभा के लिए 19 टेबल होंगे जहां 24 राउंड में मतगणना का कार्य पूरा होगा। वहीं बरकट्ठा के लिए 21 टेबल व 24 राउंड, धनवार विधानसभा के लिए 19 टेबल व 24 राउंड, बगोदर विधानसभा के लिए 21 टेबल व 23 राउंड, जमुआ विधानसभा के लिए 19 टेबल व 23 राउंड तथा गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए 19 टेबल पर 21 राउंड में मतगणना कार्य संपन्न किया जायेगा। बताया कि मतगणना केन्द्र में सिर्फ आरओ व एआरओ ही सिर्फ मोबाईल लेकर जा सकते है। जबकि मतगणना कर्मी को मोबाइल साथ ले जाना वर्जित होगा। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। वज्रगृह में रखे इभीएम सहित पूरे मतगणना केन्द्र में तीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था गई है। मतगणना के दिन किसी भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए शहर में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सीआरपीएफ के अलावे अन्य सुरक्षा बलों को भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। शहर में यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के साथ डीसी ने की बैठक

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मतगणना की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना संबंधित दिशा निर्देश के बाबत जानकारी दी। मतगणना केन्द्र में सभी मतगणना कर्मी ससमय उपस्थित रहेंगे। कहा मतगणना के दौरान मतगणना परिसर में किसी भी अभ्यर्थी, अभिकर्ता, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### सोशल मीडिया पर बिजली-पानी को लेकर भाजपा में छिड़ी जुबानी जंग का दिखा असर

## विधायक राज सिन्हा ने बिजली जीएम से मिलकर रखी परेशानी

**खबर मन्त्र असर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर में बिजली-पानी को लेकर भाजपा के नये और पुराने गुट के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच शनिवार को विधायक राज सिन्हा ने बिजली एरिया बोर्ड के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उमस भरी गर्मी में लगातार बिजली संकट से अवगत कराया। जल्द सुधार करने की बात कही। जीएम ने कहा कि आंधी पानी के कारण बिजली की समस्या बढ़ी है, सुधार के लिए पूरी टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही है। जल्द ही सभी जगह बिजली में सुधार देखने को मिलेगा। विधायक ने कांड्रा ग्रिड में नये ट्रांसफार्मर का मुद्दा उठाया। उन्होंने नये ट्रांसफार्मर का काम जाड़े के दिनों में कराने की बात कही, ताकि रिप्लेसमेंट के चक्कर में जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बिना किसी सूचना के पहले फुटपाथ दुकानदारों की आपलोगों ने बिजली काट दी और अब बिजली कनेक्शन देने के एवज में उनसे 14-14 हजार रुपया मांगा जा रहा है। जीएम ने कहा कि जो लोग पैसा मांग रहे, उनकी सूची दें, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। रही बात बिजली देने की फुटपाथ दुकानदार बिना किसी भया के बिजली के लिए आवेदन दे, उन्हें प्रीपेड मीडर लगाकर बिजली दी जायेगी। विधायक ने कहा कि यदि जल्द बिजली में सुधार नहीं हुआ तो मतगणना के बाद जीएम कार्यालय के समक्ष धरना देंगे।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों बिजली-पानी की समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर नये गुट के लोग सांसद-विधायक पर चैन की नींद सोने का आरोप लगा रहे थे। बदले में पुराने गुट के लोग भी जवाबी हमले कर रहे थे। इस मुद्दे को खबर मन्त्र ने प्रमुखता से उठाया था, जिसका असर शनिवार को दिखा।

## पीरटांड़ के पंचायत सचिव को घूस लेते धनबाद एसीबी ने दबोचा

### रंग हाथ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** धनबाद एसीबी की टीम ने शनिवार को गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड में बड़ी कार्रवाई करते हुए पीरटांड़ के पंचायत सचिव मोहम्मद मंसूर को तीन हजार घूस लेते रंगे हाथ दबोचा है। कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यलय में अफरा तफरी मच गई और कई कर्मी वहां से भाग खड़े हुए। एसीबी की कार्रवाई शनिवार की सुबह करीब 11 बजे हुई। जब एसीबी धनबाद के डीएसपी मुन्नू टुड्डू के नेतृत्व में सीधा प्रखंड कार्यलय घुसे और घूस लेते जनसेवक मोहम्मद मंसूर को पीरटांड़ के खुखरा के गांव निवासी जहांगीर से तीन हजार लेते रंगे हाथ दबोच लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने मोहम्मद मंसूर का हाथ धुलवाया और उसके हाथ से रंग छूटने के बाद उसे गिरफ्तार कर धनबाद ले गए। जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा खुखरा के जहांगीर से उसके गांव के एक कुएं की मरम्मत की योजना का बिल पास करने के नाम पर तीन हजार की मांग कर रहा था। जहांगीर ने सूचना धनबाद एसीबी को दी। इसके बाद एसीबी की टीम डीएसपी मुन्नू टुड्डू के नेतृत्व में पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय पहुंची और कार्रवाई में जुट गई और जहांगीर को पंचायत सचिव को देने के लिए तीन हजार रुपये दिये। जहांगीर ने जब पंचायत सचिव को तीन हजार रुपये दिये, तो टीम के जवानों ने दबोच लिया। बताया जाता है कि कुआं मरम्मत की योजना 41 हजार की थी।

# मधुबन थाना में धरना दे रहे लोगों पर हमला, चली गेलियां, कई लोग घायल

### ●बिजली काटे जाने के खिलाफ गोलबंद हुए लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। मधुबन थाना का घेराव कर बिजली काटने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दे रहे लोगों पर शनिवार को दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया। इसके बाद स्थिति मामला तनावपूर्ण हो गई। बताते चलें कि शनिवार को बीसीसीएल एरिया तीन अंतर्गत खरखरी, सिनी डीह एवं आसपास के कई क्षेत्रों की बिजली जबरन काटे जाने एवं मारपीट करने के खिलाफ एक पक्ष के लोग दूसरे दिन शनिवार को लगभग 12 बजे मधुबन थाना के अंदर धरना पर बैठ गए। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के डेढ़ दो सौ लोगों ने हरवे हथियार के साथ धरना दे रहे लोगों पर हमला कर दिया। दर्जनों गोलियां चलने की खबर है, जबकि जमकर पत्थर बाजी में कई ग्रामीण समेत बीच बचाव करने आये मधुबन थाना के एक हवालदार को चोट लगने की खबर है। घटना के बाद धनबाद के ग्रामीण एस पी कपिल चौधरी, बाघमारा के डी एस पी आनंद ज्योति मिंज सहित आसपास के आधा दर्जन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति को नियंत्रित किया। सोनारडीह, कतरास, बरोरा, बाघमारा, खरखरी, महुदा समेत क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। ग्रामीण एसपी ने पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिये।

# 541 बिल्डिंग ऑनर के पास 1 करोड़ से अधिक बकाया

### धनबाद नगर निगम ने भुगतान के लिए सात दिन की दी मोहलत

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** शहरी क्षेत्र के मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग और सिंगल बिल्डिंग का नक्शा पास कराने के एवज में लेबर सेस का भुगतान नहीं होने से नगर निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। वर्ष 2019 से अब तक 541 ऐसे बिल्डिंग ऑनर हैं, जिनके पास 1 करोड़ 6 लाख रुपये के करीब लेबर सेस का बकाया है। इस राशि के भुगतान के लिए बिल्डिंग ऑनर तथा लाईसेंसी टेक्निकल पर्सन (एलटीपी) को सात दिन का समय दिया गया है। तय समय में बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर एलटीपी का लाईसेंस रद्द कर दिया जायेगा तथा बल्डिंग ऑनर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उक्त बातें शनिवार को नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि भवन का नक्शा एलटीपी के माध्यम से ही पास कराया जाता है। इसलिए पैसा जमा कराने की जिम्मेवारी भी इन्हीं लोगों की बनती है। बिल्डिंग ऑनर ने अभी तक लेबर सेस के लिए चेक के माध्यम से जितने चेक दिये है, वो भी चेक बैंक में बाउंस हो गया है। इनपर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जा सकता है। लेकिन हमलोगों ने इनके साथ बैठक कर एक सप्ताह की मोहलत दी है।

### 14 रुपये वर्गफीट के हिसाब से ली जाती है राशि

ज्ञात हो कि झारखंड बिल्डिंग बाईलॉज के अनुसार नक्शा पास होने पर बिल्डिंग ऑनर को लेबर सेस देना अनिवार्य है। यह राशि 14 रुपया वर्गफीट के हिसाब से ली जाती है। लेबर सेस का भुगतान ऑनर को तीन बार करना होता है। जब नक्शा का ऑनलइन आवेदन दिया जाता है, उस समय पहले पार्ट का भुगतान ऑनलाइन किया जाता है। दूसरे और तीसरे पार्ट का भुगतान ऑनर चेक माध्यम से एलटीपी को देता है, जो बैंक में जमा किया जाता है। जिन एलटीपी द्वारा जमा किया गया चेक बाउंस हुआ है, जिसमें अविनाश कुमार केशरी, नेहा सिंह, ललन प्रसाद सिंह, अनिल कुमार मरांडी, अमरेंद्र कुमार, कुमारी रिंकू रानी, अशोक कुमार, जिज्ञासू कुमार का नाम शामिल है।

## एक नजर में

### वृद्धजनों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील वातावरण बनाएं : न्यायाधीश



**झालसा के निर्देश पर लालमणि वृद्धाश्रम का दौरा**

**धनबाद।** उम्र के आखिरी पड़ाव में बेटा-बेटी एवं परिजनों द्वारा बेघर किए गए बुजुर्गों का हाल जानने और उनके अधिकारों के विषय में बताने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ लोहारबरवा स्थित लालमणि वृद्धा सेवाआश्रम पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की आर्थिक और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने और वृद्धजनों की भावात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशील सामाजिक वातावरण बनाए जाने की आवश्यकता है। न्यायाधीश ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों मे छह सप्ताह के लिए वृद्ध जनों के अधिकारों के लिए विशेष जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया है । न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम के एक-एक कमरों एवं परिसर का निरीक्षण किया। भवन के हर फ्लोर पर पर्याप्त टॉयलेट एवं स्नानागार पेयजल की व्यवस्था की भी जानकारी ली। वहां निवास कर रहे कुल 27 वृद्धजन से व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। एक बुजुर्ग ने बताया कि यहां खाना समय पर मिल रहा है और पूरी तरह नि:शुल्क है। सोने के लिए बेड, ओढ़ने के लिए कंबल आदि सभी व्यवस्था मिल रही है। वृद्धि लोगों के स्वास्थ्य की देखरेख के लिए यहां परमानेंट चिकित्सक नहीं है। न्यायाधीश ने फौरन कार्रवाई करते हुए चिकित्सा उपलब्ध करने का निर्देश दिया। मौके पर मेडिकल टीम ने वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें आवश्यक दवा दी। न्यायाधीश ने उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही सेवाआश्रम में स्थाई तौर पर हेल्थ सेंटर शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड आदि की व्यवस्था जल्द कर दी जएगी।

# जमीन विवाद में दो गुटों के बीच मारपीट, पांच घायल

## दोनों तरफ से एमपीएल ओपी में शिकायत दर्ज, पुलिस कर रही मामले का छानबीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एमपीएल ओपी अंतर्गत भागाबांध गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्ष के लगभग पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से जख्मी विनय दां एवं भवानी साहनी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एमपीएल ओपी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।





**यह है मामला**

घटना को लेकर एक पक्ष के शांतिपद साहनी ने बताया कि उनके पूर्वज बड़दुर्लभ साहनी ने दीनू दां से जमीन खरीदी थी। इस मामले में आजादी के पहले 1928 में मुंसिफ न्यायालय धनबाद द्वारा पूर्वजों के पक्ष में फैसला आया था। लगभग 100 वर्ष पूर्व पूर्वज बड़दुर्लभ साहनी एवं श्रीराम बाउरी के बीच आपसी सहमति से उस जमीन की अदला बदली की गई थी। पूर्वजों द्वारा बदले में दी गई जमीन पर राम बाउरी के वंशज एवं उनके वंशजों द्वारा दी गई जमीन पर हम लोग लगभग 100 वर्षों से अपना अपना घर बनाकर रह रहे हैं। हम लोगों में किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं है। अचानक शुक्रवार की रात्रि बीनू दां, संजीत उर्फ लूधू दां, नारान दां, बूचन दां, अजय दां, वासुदेव दां हरवे हथियार से लैस होकर आये और आशु बाउरी के घर में उषा बाउरी को धक्का मार कर घर में घुस गया तथा गाली गलौज करते हुए कहा कि यह जमीन उनकी है।

जल्द से जल्द घर खाली कर दो नहीं तो जान से मार कर फेंक देंगे। सुधा बाउरी दौड़कर उनके घर आई। भाई भवानी प्रसाद साहनी उसे बचाने के लिए आए तो उपरोक्त लोगों ने रड से मारकर उसे पूरी तरह घायल कर दिया। बीच बचाव करने गए भतीजे सष्टम साहनी, अष्टम साहनी एवं में खुद उन पर भी प्रहार किया। गंभीर रूप से जख्मी भवानी प्रसाद साहनी एवं अष्टम साहनी का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है।

दूसरे पक्ष के बुचन दां ने बताया कि जिस जमीन पर शांतपद साहनी एवं उनके स्वजन दावा ठोंक रहे हैं वह जमीन उनके पूर्वजों की है। उसके सारे कागजात उनके पास हैं। अपनी जमीन वापस मांग रहे हैं तो वह लोग मारपीट पर उतारू हो जा रहे हैं। शनिवार की रात्रि संतो साहनी, हीरालाल साहनी, दुखू साहनी, भवानी साहनी, सुमंतो साहनी, अष्टम साहनी, सष्टम साहनी, दुलाल साहनी, गौतम साहनी, लखन साहनी, गौर साहनी, आदित्य साहनी, कुबेर साहनी, मोहन बाउरी, बोल्टू बाउरी, महादेव बाउरी आदि हरवे हथियार से लैस होकर आये और पुत्र विनय दां पर जानलेवा हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। निरसा सीएचसी के चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस दोनों पक्षों की लिखित मिलने के बाद शिकायत की जांच कर उच्ति कार्यवाही करेगी।

## एक नजर में

### समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त परियोजना पदाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



**कतरास।** ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र स्थित राजा मैरिज हॉल में शुक्रवार को एक समारोह में बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 से सेवानिवृत्त तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जी धुर्वे को भावभीनी विदाई दी गई। एजीएम संजय सिंह एजीएम ए के झा, मैनेजर संतोष चौधरी सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत अधिकारी की कार्य कुशलता की भूरि भूरि प्रशंसा की गई और उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। इसके पूर्व विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर निबर्तमान पार्षद छोटू सिंह, मुखिया अशोक ठाकुर, मनोज मल्लाह, दशरथ प्रसाद, मनोज निषाद, राजू निषाद, नागेंद्र निशाद, पंचू सिंह सहित यूनियन प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मतगणना के दिन शांति भंग की तो होगी कार्रवाई



**जोड़ापोखर।** लोकसभा चुनाव के बाद 4 जून को रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर आपसी भाईचारा बनाये रखने के लिए जोड़ापोखर थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने की। संचालन किशोर कुमार ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि कोई सामाजिक समरसता बिगाड़ने का प्रयास करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्णय लिया गया कि जीत किसी की हो, शांति हर हाल में बनाये रखना होगा। चौक चैराहों पर भीड़ को जमा नहीं होने दिया जायेगा। बैठक में बिचार व्यक्त करने वालों में शमशेर आलम, मृणाल कांत सिंह, हलीम अंसारी, नौशाद खान, फरीद फरीदी, अशोक झा, कुणाल वर्मा, एम के ठाकुर, शुभाशीष राय, आरिफ सिद्दिकी, चिंटू राम, समरेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

### लालमणि वृद्धाश्रम में डालसा ने लगाया शिविर



**पूर्वी टुंडी।** दक्षिणी टुंडी के ओझाडीह आसनडाबर स्थित लालमणि वृद्धाश्रम में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा द्वारा वृद्धजनों के सेवार्थ एक प्रशासनिक शिविर लगाया गया। शिविर में डालसा के सचिव सीनियर सिविल जज राकेश रोशन ने वृद्धजनों से बारी बारी मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। बाद में वृद्धजनों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनके हर हक तथा अधिकार के लिए कानूनी लड़ाई में साथ देने के लिए तैयार है। शिविर में समाजसेवी सपन ओझा ने डालसा सचिव को आश्रम के वृद्धजनों के आधार कार्ड, वृद्धा पेंशन व आयुष्मान कार्ड की नितांत आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी टुंडी डॉ श्रवण कुमार ने आश्रम के वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच की और आगामी बुधवार को एक दंत जांच शिविर लगाने की बात कही। कार्यक्रम में आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी सचिव डॉ देवेंद्र शरण ओंकार मिश्रा सपन ओझा सुबल सिंह शांति देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लोयाबाद थाना में हुई शांति समिति की बैठक विजय जुलूस में संयम बरतने की अपील



**लोयाबाद।** मतगणना के बाद राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा निकाले जाने वाले विजय जुलूस को लेकर शनिवार को लोयाबाद थाना में पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक हुई। बैठक में विजय जुलूस के दौरान संयम बरतने की अपील की गई। किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक नारा नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। शांति भंग न हो, इस पर विषेश ध्यान देने की बात कही गई। बैठक में एसआई सूर्य प्रकाश दुबे, एएसआई हीरालाल दास, जयप्रकाश पांडेय, इम्तियाज अहमद, विजेन्द्र पासवान, सोहन महतो, रवि चौबे, सुनील पांडेय, कृपाशंकर सिंह, नंददुलाल सेनगुप्ता, अवधेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, एसएस प्रसाद, मन्नू सिंह, रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, नितू चौधरी, गोला अंसारी, अजीत पासवान आदि मौजूद थे।

### सखी समिति ने नमामि गंगे के तहत किया नुक्कड़ नाटक

**मैथन।** मैथन क्षेत्र के कालीपहाड़ी चौक के समीप शनिवार की शाम जेएसपीएल की सखी समिति ने नमामि गंगे के तहत नुक्कड़ नाटक व सभा की। मौके पर रीता महतो ने बताया कि जल का संरक्षण जरूरी है। पेड़-पौधा लगाकर हम जल का संरक्षण कर सकते हैं। नदी, नाला व तालाब आदि की साफ-सफाई करेंगे तो नदियों का पानी मिलता रहेगा। पेड़-पौधा लगाकर हम जल का संरक्षण कर सकते हैं। कार्यक्रम में बीपीआरओ लाल रविदास, बीपीओ श्रीकांत मंडल, बीएलओ सह जेएसएलपीएस रीता महतो, सीमाती देवी, पूर्णिमा, सुबोजित, बीएलओ सरस्वती तिग्गा, तुलावती बाउरी, सीता कुमारी, दीपंकर राय, छाया, सुनीता, सिला तन्नू ज्योतिगुलाची, लखी तुरी, सीमाती देवी, पूर्णिमा, सुबोजित, अमन, पंकज कुमार सिंह, अमित कुमार, अमृत आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चिरकुंडा में नाला की सफाई व झाड़ी कटाई का काम शुरू

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में बरसात के आगमन को देखते हुए वार्डों सहित मुख्य सड़क पर नाली व बड़ा नाला की साफ सफाई सहित झाड़ी की कटाई शुरू कर दी गई है। चिरकुंडा, नेहरू रोड व पंचेत रोड मुख्य सड़क सहित 21 वार्डों में सफाई कार्य हो रहा है। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि बरसात के आगमन को देखते हुए विभाग के सफाई कर्मी विभिन्न वार्डों के अलावा जीटी रोड, नेहरू रोड व चिरकुंडा पंचेत रोड में बड़ा नाला व छोटी नाली की सफाई व झाड़ी कटिंग सहित ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कर रहे हैं। उन्होने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि झिलिया नदी के किनारे भी दो से तीन दिन के अंदर झाड़ी कटिंग व साफ सफाई शुरू कराई जाएगी। अभियान में नगर परिषद के सुपरवाइजर अनिल साव, अमर दास, चिन्मय बनर्जी, ओंकार नाथ श्रीवास्तव, बैजू साव, अनुप सिंह व सफाई कर्मी जोर शोर से लगे हुए हैं।

### आंधी-पानी के बाद रानी बाजार के घरों में नाली का पानी घुसा

**कतरास।** भारी बारिश व आंधी से कतरास के कई इलाकों में शनिवार की संध्या लोगों को भारी नुकसान हुआ। तेज आंधी से डुमरा कतरास हीरक रोड पर कई पेड़ गिर गए। कतरास रानी बाजार क्षेत्र के कई घरों में बरसात का पानी भर गया। नाली का पानी गली व कई घरों में घुस गया। बताते हैं कि रानी बाजार निवासी तपन चक्रवर्ती के घर में नाली का गंदा पानी घुसने से पूरा घर तालाब जैसा दिखने लगा। नियमित रूप से नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई नहीं होने से जाम हो गया। बाघमारा के भीमकनाली काली मंदिर स्थित ब्लॉक नंबर 13 चार तल्ला क्वार्टर की सीढ़ी की छत टूट गई और उसका मलबा जमीन पर आ गिरा। हालांकि घटना के समय वहां कोई नहीं था, जिस कारण लोग बाल बाल बचे।

### बड़कीटांड़ जंगल में मिला महिला का कंकाल

**गिरिडीह ।** गिरिडीह के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड जंगल में शनिवार दोपहर एक महिला का कंकाल पड़ा मिला। जंगल में कंकाल होने की जानकारी ग्रामीणों ने ताराटांड़ पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ बिनोद रवानी और ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश पंडित भी पुलिस जवानों के साथ जंगल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। महिला के कंकाल के आस पास ही उसके बाल, साड़ी, हाथ में पहनने वाला बाला भी बरामद हुआ है। फिलहाल, कंकाल की शिनाख्त नही हो पाई है। वहीं दूसरी ओर एसडीपीओ बिनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस जंगल के आसपास के इलाको को खंगाल रही है। पुलिस का कहना हैं की जल्द ही अपराधी पुलिस के पकड में होगा। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ बरामद नहीं हुआ है जिससे पुलिस हत्यारे तक पहुंच सके।

# ओबी डंप की चपेट में आकर मजदूर घायल, किया प्रदर्शन

## अस्पताल की लापरवाही पर रोष, आंदोलन की चेतावनी , प्रबंधक विरोधी लगाये नारें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत बरारी 6 नम्बर कोलियरी में कार्यरत 59 वर्षीय रामदेव पासवान शनिवार को सुशी परियोजना के ओबी डंप की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मजदूरों ने अपने वाहन से उसे जेलगोड़ा अस्पताल पहुंचाया। विरोध में मजदूरों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बरारी पिट पर प्रदर्शन किया तथा प्रबंधन बिरोधी नारे लगाये। शनिवार की सुबह रामदेव मोटरसाइकिल पर बरारी एजेंट ऑफिस से हाजिरी बना कर 6 नम्बर कोलियरी जा रहा था। समीप ही ओबी डंप का काम चल रहा है। तभी पत्थर का बड़ा हिस्सा टूट कर अचानक गिर पड़ा। गनीमत रही कि पत्थर पोल से टकराकर रामदेव को लगी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जेलगोड़ा अस्पताल को एम्बुलेंस के लिए फोन किया गया तो जबाब मिला कि ड्राइवर नहीं है। घटना स्थल पर कोलियरी सेफ्टी अधिकारी दिनेश मीणा पहुंच गए,



मजदूर नेता मृणाल कांत सिंह ने कहा कि अस्पताल में तीन एम्बुलेंस है, जबकि पूरे लोदना एरिया में 6 एम्बुलेंस है। अस्पताल में डिजिटल एक्स रे मशीन टेक्नीशियन के अभाव में शुरू भी नहीं हुई है। उन्होंने अस्पताल में लापरवाही समाप्त करने की मांग की। घायल मजदूर के बेहतर इलाज के लिए प्रदर्शन करते हुए प्रबंधक शांतनु शील के खिलाफ नारे बाजी की गई। एक मात्र यही रास्ता है। पड़ोस में माइनिंग नियम के विरुद्ध ओबी डंप किया जाता है। वहां देख रेख के लिए डंप सुपरवाइजर रहना चाहिए, मगर कोई नहीं रहता है। आउट सोर्सिंग कंपनी के संचालक कुम्भनाथ सिंह अपने गुर्गे के बल पर प्रबंधन की मिली भगत से मजदूरों और ग्रामीणों पर अत्याचार कर रहा है। एक मंच पर आकर आर पार की लड़ाई लड़नी होगी। प्रदर्शनकारियों में मनोहर सिंह, सलाउद्दीन अंसारी, कृष्णा पासवान, कैसिक राजनआदि शामिल थे। प्रबंधक श्री शील ने मजदूरों को अश्वासन दिया है की उस स्थान पर ओबी डंप नहीं किया जायेगा।

**ओबी डंप स्थल के निकट असामाजिक तत्वों का अड्डा**

बरारी एक नम्बर के लोगों ने कॉंग्रेसी नेता सौरभ पांडेय के नेतृत्व में एक बैठक की। लोगों ने कहा कि उस स्थल पर काली मंदिर के मुख्य द्वार पर कोयला चोरों व असामाजिक तत्वों का अड्डा रहता है। वे सभी शराब का सेवन करते हैं, महिलाओं का रास्ता रोक कर छेड़ छाड़ करते हैं। श्री पांडेय ने जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा से मांग की है कि इन सभी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाये, वरना ग्रामीण गोलबंद हो कर आंदोलन करेंगे। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने जल्द ही इस मामले पर जांच कर उचित कारवाई की जांएगी।

## बीएसके कॉलेज मैथन में सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** बीएसके कॉलेज में शनिवार को नमामि गंगे के तहत नदियों की स्वच्छता एवं साफ-सफाई को लेकर निबंध प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एग्यारकुंड प्रखंड के बीपीओ श्रीकांत मंडल ने कहा कि नदियों को स्वच्छ रखना और पानी का संरक्षण करना जरूरी है। मौसम में बदलाव हो रहा है, इसका प्रमुख कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई एवं पानी की कमी है। पेड़ों की कटाई के कारण पर्यावरण में असंतुलन पैदा होता है। कहा कि हम सभी को अपने आसपास पेड़-पौधे



लगाना चाहिए एवं नदी-तालाब सहित पानी के स्त्रोतों को साफ व स्वच्छ रखना चाहिए। बीएसके कॉलेज के प्रोफेसर महावीर प्रसाद ने कहा कि आज जल संरक्षण की काफी आवश्यकता है, नहीं तो आने वाले समय में काफी दिक्कत होगी। नमामि गंगे के तहत दीपदान, गंगा आरती एवं रंगोली प्रतियोगिता के साथ नुक्कड़ नाटक आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राहुल केसरी, लालू रविदास, प्रोफेसर कमलेश पांडे, डॉक्टर संध्या रानी, पंकज कुमार सिंह, संजीव कुमार कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## भवानी महतो की पुण्यतिथि पर झारखंड के शहीदों को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के भवानी चौक स्थित आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय भवानी महतो का 14वीं पुण्यतिथि शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू नेता संतोष महतो ने कहा कि भवानी महतो ने आजसू पार्टी को धारदार बनाया। झारखंड आंदोलनकारी शहीदों की भूमिका अतुलनीय है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में शहीद हुए लोगों के परिवार पर सरकार की नजर नहीं है, जो दुख की बात है।

उन्होंने कहा कि अगर युवा चुन कर सरकार में जाते हैं तो झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिवार की बात सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। उन्हें उनका हक व सम्मान दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर आजसू के रमेश मुनि, सदानंद महतो, मनोज महतो, योगेश महतो, विन्देश्वर महतो, निरंजन मंडल, सेंकी गुप्ता, प्रमोद महतो, डेगनी देवी, रीना देवी, रीता देवी आदि मौजूद थे।

## दुर्घटना में बेटी गंवाने वाले शिक्षक ने बाल कल्याण समिति से मांगा वीडियो फुटेज

**धनबाद।** विगत 6 मई को सड़क दुर्घटना में अपनी दो बेटियों को गंवाने वाले माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सह शिक्षक जय होरो ने हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने इस मामले को शनिवार को बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी से मिलकर घटना की वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बचाव पक्ष ने आरोपियों को नाबालिग बताकर जमानत के लिए प्रयासरत है। दुबारा कोई बेटी उनकी गलतियों का शिकार न हो, इसलिए उन्हें किसी भी सूरत में बाहर नहीं आने दिया जायेगा। हमें कानून पर पूरा भरोसा है। बाल कल्याण समिति ने मेरी अपील तुरंत स्वीकार कर पुलिस उपाधीक्षक (विशेष किशोर पुलिस इकाई) से पत्राचार कर फुटेज उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस वीडियो फुटेज को न्यायालय में प्रस्तुत कर केस को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा।

## डीवीसी मैथन में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**▸▸ ट्रेड यूनियन नेताओं ने परियोजना प्रमुख को सौंपा ज्ञापन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध शुरू हो गया है। शनिवार को डीवीसी संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे से भेंट की और उनके माध्यम से डीवीसी मेंबर सेक्रेटरी कोलकाता के नाम ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के पहले प्रबंधन कर्मियों के आवास और सड़क की मरम्मत कराये, जो जर्जर हालत में है। इसके अलावा प्रबंधन कैम्प पावर हाउस को रात्रि शिफ्ट में भी चालू करे, जो लंबे समय से बंद कर दिया गया है। रात में बिजली समस्या का निष्पादन नहीं हो पाता है और कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेताओं ने कहा कि अन्य मांगों पर भी परियोजना प्रमुख से वार्ता की गई। नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के समक्ष भूख हड़ताल भी करेंगे। परियोजना प्रमुख श्री दुबे ने नेताओं को आश्वस्त किया कि फिलहाल स्मार्ट मीटर चालू नहीं किया जाएगा। बता दें कि डीवीसी प्रबंधन ने 30 मई को आदेश जारी कर कहा था कि एक जून से वाणिज्यिक एवं घरों में स्मार्ट मीटर चालू कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में निशीथ मुखर्जी, राजू मुखर्जी, मदन मेहता, एसएन वर्मा, जी राम, सुधीर पाण्डेय, बीआर मजूमदार आदि मौजूद थे।

# सड़क चौड़ीकरण में मंदिर कमेटी ने जताया विरोध

## विधायक, पदाधिकारियों के साथ की वार्ता, पदाधिकारियों को दिया कई दिशा निर्देश

**▸▸ सरकारी जमीन की नापी करते हुए सड़क निर्माण करें, यथा शीघ्र पुल पर आवागमन शुरू हो**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के बरगंडा से सिरसिया को जोड़ने वाले पथ पर नया पुल का निर्माण हो चुका है। सड़क चौड़ीकरण का कार्य होना है, लेकिन पिछले दो दिन से मंदिर कमेटी के लोग आपत्ति जता कर काम रोक दे रहे थे।

लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण की जद में प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर आ रहा है, जिससे सड़क का पानी मंदिर में



चला जाएगा। इधर इस मसले पर शनिवार को गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, रोड कंस्ट्रक्शन डिवीजन के एसडीओ मनोज सिंह, एग्जीक्यूटिव इंजिनियर विनय कुमार, बिजली विभाग से जेई अमित कुमार, सीओ मो असलम, स्थानीय वार्ड 12 के निवर्तमान पार्षद अजय रजक, वार्ड 11 के अशोक राम, सामाजिक कार्यकर्ता लखन राम, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य में आपत्ति जता रहे लोगों से वार्ता की।

विधायक ने आपत्ति जता रहे लोगों को समझाया। संबंधित पदाधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीन की नापी करते हुए सड़क निर्माण किया जाए, ताकि यथा शीघ्र पुल पर आवागमन शुरू हो सके। उद्घाटन के सवाल पर विधायक ने कहा कि 6 जून को इसका उद्घाटन किया जाएगा।

# संथाल में बंपर वोटिंग, दुमका 70% व गोड्डा और राजमहल में 67 % मतदान



दुमका के एक मतदान केंद्र में मतदाताओं की लगी लंबी कतार।



दुमका के एक बूथ में पहली बार मतदान कर खुशियां जताती युवतियां।



गोड्डा के बूथ पर अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता।



उत्साह : मतदान करने जाती बुजूर्ग महिला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला निवार्ची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने बताया कि लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र के 1891 मतदान केंद्रों में शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 69.89 प्रतिशत है। इसी क्रम में शाम 5 बजे तक शिकारीपाड़ा में मतदान -63.9 फीसदी, नाला में-65.19 फीसदी, जामताड़ा में -58.9 फीसदी, दुमका में -58.16 फीसदी, जामा में -62.02 फीसदी एवं सारठ में मतदान प्रतिशत-61.89 फीसदी रहा है। एवं अब भी मतदाता कतारबद्ध होकर मतदान कर रहे हैं।उन्होंने निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों,कर्मियों एवं मतदान कराने गए मतदान दल को भी शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए धन्यवाद दिया। लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र के 1891 मतदान केंद्रों में शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 69.89 प्रतिशत है। उन्होंने निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों,कर्मियों एवं मतदान कराने गए मतदान दल को भी शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मॉक पोल के दौरान 10 बीयू,4 सीयू एवं 10 वीवीपैट बदले गए वहीं पोलिंग के समय 6 बीयू,7 सीयू एवं 23 वीवीपैट बदले गए।

## दुमका प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बगडुबी में पड़े मात्र चार वोट, ग्रामीणों ने किया बहिष्कार



**दुमका।** लोकसभा क्षेत्र के लिए आज शनिवार को सुबह 7 बजे से ही मतदान की प्रक्रिया जारी है। इस बीच सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बागडूबी में समाचार प्रेषित होने तक मात्र चार वोट पड़े हैं। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। कोल डंपिंग यार्ड के विरोध में ग्रामीण पूर्व में ही बैठक कर यह निर्णय लिया था कि अगर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें यह लिखित आश्वासन नहीं मिलता है कि भविष्य में बागडूबी में कोल डंपिंग यार्ड का निर्माण नहीं होगा तो वह वोट का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने शायद गंभीरता नहीं दिखाई। इसलिए आज ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार कर दिया।

जानकारी मिलने पर एसडीओ अजय रजक व सीओ अमर कुमार प्राथमिक विद्यालय बागडुबी पहुंचे। अधिकारियों के कहने पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, बीएलओ तथा एक अन्य महिला कर्मी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि शेष ग्रामीण विद्यालय से दूर एक पेड़ के नीचे बैठे हुए हैं। एसडीओ और सीओ ने ग्रामीणों के साथ मिलकर वार्ता किया, लिखित भी दिया लेकिन वार्ता सफल नहीं हो पाई। इस बाबत सीओ अमर कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को समझाने का प्रयास जारी है।



## गोड्डा : सातवें चरण का मतदान शांति पूर्ण ढंग से संपन्न



**गोड्डा।** लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और मतदान 70 प्रतिशत के आसपास रहा। गोड्डा पोड़ाईया हाट महगामा तीनो विधान सभा क्षेत्र मे मतदान शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। महागठबंधन और भाजपा के मध्य ये द्वीपक्षिय लड़ाई थी और दोनों पक्ष के समर्थक अपनी अपनी जीत का पक्का दावा ठोक रहे हैं। पोड़ाईया हाट विधान सभा क्षेत्र से मतदान संपन्न कराके लौटे झामुमो नेता जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव से बातचीत के क्रम मे उन्होंने बताया पोड़ाईया हाट से मैं चुनाव कराके



वापस लौटा हु और 70% मतदान के बाद मेरा ये आंकलन है कि हमारे गठबंधन प्रत्यासी प्रदीप यादव कम से कम 50.000 मतों से बढ़त प्राप्त कर लोक सभा का चुनाव जीतेंगे जैसा कि हर जगह से सूचना प्राप्त हो रही है। भाजपा का न कोई कार्यकर्ता बूथ पर नजर आया न संगठन के कोई पदाधिकारियों का कोई बयान। लेकिन मतदाताओं के निजी बयान से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गोड्डा ग्रामीण क्षेत्रो मे बीजेपी उम्मीदवार को काफी समर्थन मिला है। लेकिन कार्यकर्ताओं के बगैर ही प्रधान मंत्री मोदी के नाम पर मत प्राप्त हुए हैं। अब मतपेटी मे उम्मीदवारों का भाग्य बंद हो चूका है और 4जून को खुशी हो या गम मतदाताओं ने अपना कार्य कर दिया है।

### भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे भगेया सिल्क ग्राम पहुंचे

ठाकुर गंगटी (गोड्डा)। संध्या 5 :00 बजे सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे अपनी पत्नी अणुकांत दुबे और अन्य सहयोगियों के साथ ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के सिल्क नगरी भगेया गांव पहुंचे। वहां उन्होंने पिछली बार की तरह ही नाश्ता और चाय का तमाम ग्रामीणों के साथ लुत्फ उठाया। कुछ पल के लिए निरंजन पोद्दार के बेलवा भंडार स्थित आवास पर भी वहां उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों से मिले।



## जारंगडीह कोलियरी से मजदूरो का ट्रांसफर का मामला गरमाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना से पिछले कुछ दिनों पुर्व कुछ कर्मियों और आपरेटरों का ट्रांसफर किसी अन्य कोलियरी के मामले ने तुल पकड़ लिया है और इसका भारी विरोध भी आरंभ हो गया है। शनिवार को अहले सुबह जारंगडीह परियोजना परिसर में संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं का जुटान हुआ और सीसीएल प्रबंधन के उपरोक्त फैसले का भारी विरोध किया गया। मौके पर संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि यह ट्रांसफर का मामला सीसीएल प्रबंधन की सोची समझी साजिश का एक हिस्सा है। जिसके तहत कोलियरी को प्राइवेट हाथो मे सौपा जा सके। कहा कि ऐसे भी जारंगडीह कोलियरी का आधा से अधिक कार्य आउटसोर्सिंग कंपनी को पहले ही सौंपा जा चुका है। मौके पर युनियन नेताओं ने कहा कि ऐसे कर्मी का भी ट्रांसफर लिस्ट में नाम शामिल हैं जिसके सेवानिवृत्त मे महज कुछ माह बचे हैं। इतना ही नहीं जारंगडीह से कोयला उत्पादन से जुड़े बड़े बड़े मशीनों को भी दुसरे कोलियरी भेजने की तैयारी प्रबंधन की तैयारी चल रही है। कहा कि ऐसा हम लोग कतई नहीं होने देगे। बैठक में यह भी तय हुआ कि अगर जल्द ही सीसीएल प्रबंधन ट्रांसफर लिस्ट को रद्द नही करती है तो संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन को बाध्य होगे।

## बीएसएल की महिला अधिकारियों के लिये लर्निंग कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** बीएसएल की महिला अधिकारियों के नेतृत्व विकास के लिए आन्या से अरुशी लर्निंग कार्यक्रम का फॉलोअप सत्र आयोजित किया गया। एल एंड डी विभाग द्वारा 26 अगस्त 2023 को आयोजित प्रारंभिक शिक्षण कार्यक्रम आन्या से अरुशी में भाग लेने के बाद प्रतिभागियों ने पिछले 8 महीनों के दौरान अपनी चुनौतियों और सीखों को साझा किया। ज्ञातव्य है कि आन्या कार्यक्रम का आयोजन एमटीआई द्वारा मई 2023 से जुलाई 2023 तक तीन महीने की अवधि में महिला अधिकारियों के लिए एक क्लोज-लूप नेतृत्व विकास यात्रा के रूप में किया गया था। बीएसएल की दो आन्याओं डीसीएमओ तृप्ति चंद्रा और एजीएम- एसपीसी श्रीमती सिंधु कुल्लू द्वारा प्रभावी संचार लक्ष्य निर्धारण कार्यस्थल पर कर्मचारियों और अधीनस्थों के विकास रोल मॉडल का महत्व और कार्यस्थल पर कोचिंग और सलाह के बीच अंतर के विषय पर एक प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पत्रकार सुदाम प्रधान, गरीबों को कराया गया भोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** शनिवार को चक्रधरपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुदाम प्रधान की दूसरी पुण्यतिथि मनायी गई। स्थानीय वन विश्रामागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति व सामाजिक क्षेत्र के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

इस दौरान एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा सुदाम प्रधान पत्रकार होने के साथ झारखंड आंदोलनकारी भी थे। अलग राज्य की लड़ाई और अपनी कलम से समाज को दिशा के लिए किये गये कार्य को कभी भूलाया नहीं जा सकता है।

सामाजिक कार्यकर्ता डा. विजय सिंह गागराई ने कहा सुदाम प्रधान निष्पक्ष और निर्भिक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। पुण्यतिथि के मौके पर शहर के पत्रकारों की ओर से जननायक समिति के सहयोग से रेलवे स्टेशन के समीप गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि एक जून 2022 की सुबह टहलने के दौरान एक सड़क हादसे में सुदाम प्रधान की मृत्यु हो गई थी। मौके पर रामगोपाल जेना, जय कुमार, राजेश्वर पांडेय, मुकेश कुमार मुकूल, मनसा महतो, प्रताप प्रमाणिक, बबलू मंडल, रवि मोहंती, रूपेश प्रधान, हीरालाल पंडित, हरिनारायण शर्मा, अनिल तिवारी, परितोष साहू, शंभू साह, छोटेलाल मोदक, आशीष वर्मा, साजिद हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में हुए बंद, शांतिपूर्ण रहा मतदान

खबर मंत्रसंवाददाता

लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के अंतर्गत शनिवार को मतदाताओं द्वारा वोट डाले गए। नर्धाारित समय सुबह सात बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शुरू हो गया था। शुरूआती घंटे से ही केंद्रों पर काफी संख्या में पहुंच रहे महिला पुरुष मतदाताओं को पंक्तिबद्ध अपनी अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। नगर व प्रखंड क्षेत्र के किसी भी बूथ पर ईवीएम की परेशानी अथवा अन्य समस्याएं नहीं देखी गई। नगर स्थित मवि नंबर दो पर बनाये गए बूथ को हरित बूथ बनाया गया था। सभी केंद्रों पर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। न सर्फि पहली बार वोटिंग कर रहे युवा युवतियां बल्कि असहाय, अस्वस्थ, दव्यिांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर इस महापर्व में भाग लिया। जन्हिें बूथ पर ई-रक्शिा की मदद से लाया गया था। इस कड़ी में 105 वर्षीय मतदाता परमेश्वर राम ने भी अपना मतदान कर अपने मौलिक अधिकार का उपयोग किया। पहली बार वोटिंग कर रहे युवा युवतियों ने एक व्यस्क नागरिक के रूप में मजबूत सरकार, सुरक्षा, भयमुक्त वातावरण, रोजगार और सामाजिक समरसता के प्रति अपनी प्राथमिकताओं को रखा। शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव अगला बीच सभी केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी, महिला व पुरुष पुर्पा लेख बल, बीएलओ, आशा कर्मी आदि की उपयुक्त व्यवस्था रही। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम रहे। खासकर सभी बूथों पर केंद्रीय बल की मौजूदगी से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से वेबकास्टिंग के जरिए कंट्रोल रूम से हर बूथों की निगरानी रखी गई थी। प्रत्येक बूथों पर भीतर और बाहर एक एक कैमरे लगाए गए थे।पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाए हुए थे।बारिश से आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव व्यवस्था की गई थी।

## बोकारो : बिजली टॉवरों को काटकर स्क्रैप बना बिक्री करने वाले चार चोर गिरफ्तार

खबर मंत्रसंवाददाता

**बोकारो।** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के टावर काटकर स्क्रैप की चोरी करने वाले गिरोह के चार अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोकारो के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर सिटी डीएसपी आलोक रंजन एवं मुख्यालय डीएसपी आशीष महली के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित की गई। बोकारो एसपी को सूचना मिली थी कि हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचौरा एवं शिबूटांड़ के बीच कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के तहत 132 केवीडी/सी चंदनकियारी-जैनामोड़ संचरण लाइन के लिए निमार्णाधीन टावरों को काटकर



उसकी चोरी की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस की गठित टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस की घेराबंदी को देखते ही अपराधियों ने इधर उधर भागने का प्रयास किया। इसी क्रम में पुलिस ने खदेड़कर घटनास्थल से ही चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से प्रयुक्त औजार व अन्य सामग्री जब्त किये गए। इस गिरोह के लोग मारुति में सवार होकर रेकी करते थे। इसके बाद बिजली टावर को काटने के लिये गैस कटर ऑक्सीजन सिलेंडर समेत अन्य सामानों का उपयोग कर टावर को छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर बेच दिया करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में हरला थाना क्षेत्र के कृष्णा गुप्ता उर्फ अकलू नेपाली उर्फ गौतम कुमार चौधरी सोहेल अख्तर उर्फ बड़ा बाबू और बालीडीह ओपी के शिव शंकर मंडल का नाम शामिल है।

## एक नजर में

### राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने किया मतदान



**साहेबगंज।** राजमहल विधायक अनन्त कुमार ओझा अपने गांव शोभनपुर भट्ठा के बूथ संख्या 45 में परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया। राजमहल विधायक ने सुबह 8 :00 बजे वोट डालने के लिए 45 नम्बर बूथ पर पहुंच गए और लोगों के साथ लाइन में लग गए। वोट डालने के बाद लोगों से लोकतंत्र में मिले अधिकार का प्रयोग करने की अपील की। राजमहल विधायक भी दो घण्टे तक मतदान करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ लाइन में लगे रहे।

**मतदान हो रहे देरी को लेकर विधायक ने राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से विधायक ने शिकायत** : राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर मतदान में हो रही देरी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को दुरभाष पर बात करके इसकी शिकायत किया। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधायक के शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मतदान में हो रही देरी को लेकर सम्बन्धित पदाधिकारी को शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया

### मतगणना पदाधिकारियों को सुचारू रूप से मतगणना कार्य हेतु दिया गया प्रशिक्षण



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पोस्टल बैलेट–इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर मतगणना पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार डीपीएलआर निदेशक मेनका नोडल पदाधिकारी पोस्टल बैलेट कोषांग वंदना शेजवलकर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में डीडीसी संदीप कुमार ने प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान से सुनने एवं उसका अक्षरश: अनुपालन करने का निर्देश दिया। कहा कि पोस्टल बैलेट–इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट की गणना में कई बारिकियों को ध्यान रखना है। विशेषकर इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट वैध है या अमान्य है इसकी जांच करने में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना जरूरी है। प्रशिक्षण के बाद ईटीपीबी गणना को लेकर टेबल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को ईटीपीबी (डेमो) जांच करने को लेकर संपूर्ण प्रक्रिया का एनआइसी कक्ष में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका नोडल पदाधिकारी पोस्टल बैलेट कोषांग श्रीमती वंदना शेजवलकर ने विस्तार से पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबी गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 25 टेबल बनाये गए हैं प्रति राउंड 50 पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। उन्हें फार्म 13सी फार्म 13ए एवं फार्म 13बी के संबंध में विस्तार से बताया। वहीं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने ईटीपीबी की पूर्व गणना के स्टेप्स के संबंध में विस्तार से बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निदेशों से अवगत कराया। मौके पर मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह मास्ट्रर ट्रेनर पोस्टल बैलेट श्रवण कुमार झा सभी मतगणना कर्मी काउंटिंग असिस्टेंट काउंटिंग सुपरवाइजर व काउंटिंग पदाधिकारियों आदि उपस्थित थे।

### इंज्यूरी रिपोर्ट ससमय समर्पित करना सुनिश्चित करें अधिकारी : पीडीजे

बोकारो। बोकारो के न्याय सदन स्थित सभागार में जिला सब कमेटी एवं जिला स्तरीय निगरानी कमेटी की सम्पन्न बैठक की अध्यक्षता बोकारो के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक में उपायुक्त विजया जाधव पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अरविंद कुमार, जिला न्यायाधीश टू दीपक बर्णवाल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या मिश्रा सिविल जज श्रीमती तबीना खातून डीएलएसए सचिव अनुज कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मिश्रा ने डॉ एचके मिश्रा को न्यायालय/अनुसंधान पदाधिकारी को इंज्यूरी रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि समय पर रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने से अनुसंधान पदाधिकारी को मामले के अनुसंधान में परेशानी होती है।

## प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के स्थानांतरण पर

# विदाई समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** न्यायमंडल के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के स्थानांतरण पर बीते शुक्रवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। विदाई समारोह पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोडरमा न्यायमंडल के द्वारा दिए गए इस सम्मान को मैं जीवन में कभी नहीं भुला पाऊंगा। कोडरमा न्यायमंडल की सुनहरी यादें हमेशा मेरे मन में गूंजती रहेंगी। साथ ही उन्होंने यह कहा कि मैं प्रतिदिन ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि दिन भर में यदि मैं किसी गरीब असहाय व्यक्ति के आंसू को पोंछ पाता हूं तो मुझे लगता है कि मेरा दिन सार्थक हो गया। उन्होंने कहा कि हम जिस संस्था में काम करते हैं उसको साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखना हम सबों की नैतिक जिम्मेवारी होती है और सबों को इस नैतिक जिम्मेवारी का निर्वहन करना चाहिए। कोडरमा न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का मुझे भरपूर सहयोग मिला है, जिसके बदौलत कोडरमा न्यायमंडल अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए रखा है। वहीं विदाई समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में कोडरमा न्यायमंडल ने न्यायिक कार्यों में भी एक अनूठी मिशाल पेश की है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधान जिला जज के द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में जो कार्य किया गया है वह अपने आप में एक अनूठी मिशाल है। वही समारोह कार्यक्रम में एसी पूनम कुजूर ने कहा कि न्यायपालिका एवं कार्यपालिका में इतना बेहतर सामंजस्य कोडरमा के अलावा और कही देखने को नहीं मिलता है। कार्यक्रम को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने अपने संबोधन में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में जो कार्य किए गए उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता। आज उन्हीं के योगदान से व्यवहार न्यायालय कोडरमा का सौंदर्यकरण हो पाया। इस अवसर पर न्यायमंडल की और से न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा उपहार देकर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को सम्मानित किया गया।

सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर तथा न्यायालय कर्मियों द्वारा माल्यार्पण कर प्रधान जिला जज का स्वागत किया गया। विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे कोडरमा स्वर संगम म्यूजिकल क्लब के मशहूर कलाकार संजीत भारती, दीपक कुमार, खुशबू सोनकर, आशीष सिन्हा व सुशील द्विवेदी ने अपने गीतों की प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोह लिया। वादक के रूप में नाल पर विवेक सिंह, ऑर्गन पर शशि चंदेल, गिटार पर शशि कुमार तथा पैड पर अशीम मुखर्जी ने संगत किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर जिला जज तृतीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, मुन्सिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पाण्डेय, नमिता मिंज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, कोषागार पदाधिकारी नजरुल लेल, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीटीओ विजय कुमार सोनी, बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद, कार्यालय अधीक्षक अजय प्रकाश, न्यायालय प्रबंधक सैयद ताजदार हसन, लेखापाल मनोज गुप्ता, राजीव कुमार, नाज़िर अभिमन्यु कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, आशीष कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार चौधरी, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार, रवि प्रकाश, रविन्द्र कुमार सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, राजेन्द्र दुबे, अभय कुमार, राजेश कुमार तरुण, धीरज सिंह, जेनिश कुमार, राजेश कुमार, सहित सभी न्यायालयकर्मी मौजूद थे।

## सरकारी विद्यालय भवन को कब्जा मुक्त करने को लेकर मुखिया ने बीडीओ को दिया आवेदन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के मीरगंज पंचायत अंतर्गत ग्राम झरगांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन पर पड़ोस के ही अर्जुन चौधरी के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने को लेकर स्थानीय मुखिया मंटु चौधरी ने बीडीओ सौरभ कुमार को आवेदन देकर सरकारी विद्यालय को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। आवेदन में मुखिया ने कहा है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा विद्यालय के सभी कमरा में अपना सामान रखकर ताला लगाकर अवैध कब्जा कर लिया है। वहीं विद्यालय के एक कमरा को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर उसमें पशु बांधने का कार्य करता है। साथ ही विद्यालय परिसर में लगे चापाकल को तोडकर बिजली पम्प लगाकर सिंचाई करता है। वहीं उन्होंने आवेदन के माध्यम से कहा है कि ग्रामीणों के द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद भी उस पर किसी प्रकार का असर नहीं है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने उक्त व्यक्ति से सरकारी विद्यालय भवन को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। क्योंकि उक्त सरकारी विद्यालय में पंचायत चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के रूप में उपयोग किया जाता है।

एक नजर में

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी की बड़ी कार्रवाई, 20 हजार रिश्वत लेते जेई और दलाल गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने लावालौंग मनरेगा जेई दशरथ और उसके दलाल ब्रजेश यादव को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि लावालौंग थाना क्षेत्र के आतमपुर निवासी निलेश कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में एक आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके चाचा के नाम से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य के लिए कनीय अभियंता दशरथ दास द्वारा 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। सत्यापन के बाद, आरोप सही पाए गए और भ्रनि० ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं0-07 / 2024 दिनांक-29.05.2024., धारा-7( ) भ्र०नि० (संशोधित) अधिनियम-2018 पंजीकृत किया गया। 31 मई 2024 को, ट्रैप टीम ने दण्डाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में वादी से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए ब्रजेश कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्राथमिकी अभियुक्त दशरथ दास उर्फ दशरथ रविदास को भी गिरफ्तार किया गया, क्योंकि यह पुष्टि हुई कि उन्होंने वादी के बिरसा कूप निर्माण में कमिशन के रूप में 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। गिरफ्तारी के बाद, आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से रिश्वत लेने वाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि, जिले में काम के बदले रिश्वत लेने का सिलसिला थम नहीं रहा है और पदाधिकारी और कर्मचारी दलालों के माध्यम से रिश्वत ले रहे हैं।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी निर्माणाधीन जलमीनार



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कुण्डीधनवार पंचायत अंतर्गत निमाडीह में निर्माणाधीन जलमीनार शनिवार दोपहर में आये आंधी और बारिश में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। मिली जानकारी के अनुसार लगभग एक लाख लीटर की क्षमता वाले इस जलमीनार का निर्माण कार्य जल नल योजना के तहत किया जा रहा था। निर्माण कार्य एकेजी कंस्ट्रकशन कंपनी द्वारा कराया जा रहा था। नीमाडीह में लगभग एक लाख लीटर के जल क्षमता वाले इस निर्माणाधीन जलमीनार ने पहली बारिश व आंधी ने कार्य की गुणवत्ता व विभाग की पोल खोल कर रख दी। वहीं शनिवार दोपहर में आये आंधी बारिश में लगभग चौबीस मीटर ऊंचाई के पीलर के साथ उक्त निर्माणाधीन जलमीनार ढह गया। आंधी बारिश आने के कारण वहां मजदूर नहीं थे अन्यथा बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

## जल संकट से जूझ रहे इलाकों में लगातार हो रही है टैंकर से जलापूर्ति : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में संबंधित विभाग के पदाधिकारी आमजनों को गर्मी से राहत दिलाने एवं पेयजल आपूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करने में जुटे हैं। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया द्वारा जारी संपर्क नंबर पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनका टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चापानल की मरम्मती करायी जा रही है। चापानल मरम्मती संबंधित जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों यथा ककरचोली, सतडीह, शिवपुर, बंगाखलार, चेहाल, बेंदी, गझंडी इत्यादि पंचायतों से प्राप्त हुई, जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण कर लिया गया। अगर मई माह में देखा जाए तो जिले के विभिन्न पंचायतों से चापानल मरम्मती संबंधित करीब 504 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण किया गया और प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं नगर निकायों क्षेत्रों में भी उपायुक्त के निर्देश के आलोक में लगातार जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। जल संकट वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार लगातार जलापूर्ति की जा रही है। इसके समर्पित नगर निकाय के पदाधिकारी के द्वारा टीम गठित की गयी है। विशेष रूप से नगर परिषद् झुमरीतिलैया क्षेत्र के जल संकट वाले इलाकों में पानी की आपूर्ति की गयी। प्रत्येक दिन औसतन करीब 6 हजार लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार कोडरमा नगर पंचायत के जल संकट से जूझ रहे इलाकों औसतन करीब 5 हजार लीटर तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। डोमचांच नगर पंचायत और प्रखंडों के बीडीओ द्वारा इसी प्रकार की समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

**गर्मी से आमजनों को न हो परेशानी :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा आकिारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए आमजनों की समस्या से अवगत और तत्काल उनका निराकरण करें।

## घंटो रही बिजली बाधित



**कोडरमा।** जिले में सूरज की बढ़ती हुई तपिश से शनिवार दोपहर से लोगों को राहत मिली है। मौसम ने अचानक करवट बदली और आंधी के साथ तेज बारिश ने लोगों को प्रचंड गर्मी से निजात दिलाई। वहीं लोगों ने जमकर बारिश का आनन्द लिया। वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं के झोकों ने कहीं कहीं पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ दिया तो कहीं सूखे पेड़ गिर गए। इसी दौरान बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके अलावा सूखे पेड़ के गिरने से आम राहगीर बाल-बाल बच गए। एक ओर गर्मी से राहत तो जरूर मिली मगर दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। हालांकि बिजली विभाग बिजली चालू करने में लगे हैं।

## 19 साल के लड़के ने फांसी लगाकर कर की आत्महत्या

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत काराखुट में शनिवार को एक युवक के अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान 19 वर्षीय सचिन कुमार यादव पिता रामकिशुन यादव काराखुट निवासी के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार सभी परिवार के लोग कोलकाता में रहते है। वह युवक भी अपने पिता के साथ कोलकाता में रहता था। तीन दिन पहले ही अपने पिता के साथ घर काराखुट आया हुआ था। रात में परिवार के साथ युवक खाना खाकर अपने रूम में जाकर सो गया। सुबह जब उसकी मां नाश्ता तैयार की, तो देखा की युवक रूम से बाहर नहीं निकला है। जिसके बाद किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो पाया कि युवक ने आत्महत्या कर लिया है। घटना की सूचना पर पहुंची डोमचांच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर कुछ लोगों का कहना है कि प्रेम प्रसंग के कारण शायद युवक ने आत्महत्या किया है। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जेएसएलपीएस की ओर से संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत संचालित छः घरवा सीएलएफ क्लस्टर ऑफिस में कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ प्रखंड प्रबंधक पदाधिकारी केदार प्रजापति ने शनिवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित कृषक सखी और पशु सखी से कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बीपीएम ने उपस्थित सभी महिलाओं से किसी भी तरह की परेशानी या शिकायत होने पर तुरंत बीपीएम को फोन कर सूचित करने को कहा। साथ ही खरीफ फसल में लगने वाले धान, मक्का, अरहर जैसे बीजों की मांग गांव के किसानों से लेने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित महिलाओं से महीने भर के कार्य की जानकारी ली गई और वर्क डन जमा करवाया गया। बकरी के टीकाकरण के बारे में भी बताया गया।

## 3 दिन से लापता 60 वर्षीय वृद्ध, जांच में जुटी पुलिस

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के नगवां गांव के 60 वर्षीय बेचन दांगी गुरुवार रात से लापता हैं, उनके बेटे नरेश दांगी ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। नरेश दांगी ने बताया कि उनके पिता गुरुवार रात करीब 8 बजे शौच के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बेचन दांगी की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। नरेश दांगी ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें उनके पिता के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे मोबाइल नंबर 9004006037 पर संपर्क करें।

## पेड़ गिरने से सास-बहू की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता


**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव निवासी सुमन कुमार की 19 वर्षीय पत्नी शोभा कुमारी और उनकी 45 वर्षीय मां गीता देवी की दोपहर में शहर के न्यू पेट्रोल पंप पनसलवा रोड के समीप एक विशालकाय पेड़ गिर जाने से दर्दनाक मौत हो गई। वे तेज धूप और लू से बचने के लिए पेड़ की छांव में खड़ी थीं। इस घटना में सुमन कुमार को मामूली चोटें आई हैं। इस दुखद घटना से पूरा गाँव शोक में डूब गया है और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यायलय स्थित दक्षिणी पंचायत के रौशन बागी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार के नेतृत्व में सर्पदंश बचाव व उपचार को लेकी शुक्रवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं डॉ बिपिन कुमार ने बताया कि जागरूकता शिविर में बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटना में बढोत्तरी हो जाती है। बरसात के मौसम में बिलों में पानी भर जाता है, जिससे सर्प बाहर निकल जाते हैं और सर्पदंश की घटना बढ़ जाती है। जागरूकता शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सर्पदंश से बचने व उसके उपाय की जानकारी दी गयी।

## झुमरीतिलैया शहर में साफ सफाई अभियान तेज

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** मानसून आने को अभी एक पखवाड़ा का समय है, मगर नगर परिषद ने अभी से ही झुमरीतिलैया शहर में साफ सफाई अभियान तेज कर दी है। वहीं प्रशासक हर्षवर्धन ने बताया कि अभियान को लेकर तीन डेडीकेटेड टीमें बनाई गई है। इसमें 6-8 सफाई कर्मी लगाए गए हैं, और इन पर सुपरवाइजर लोकेश कुमार, मिथिलेश भूंईया और गुलाब रविदास नजर बनाए रखेंगे। पहले चरण में नाला सफाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इसमें श्रम कल्याण से लेकर पूर्णिमा टॉकीज तक मुख्य नाला की सफाई, वहीं पूर्णिमा टॉकीज से लेकर झंडा चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक मुख्य नाला की सफाई तथा पुराना नगर परिषद कार्यालय से लेकर खालसा होटल का नाला सफाई का कार्य पूरा किया जाएगा। वहीं कर समाहर्ता भुनेश्वर साव को प्रातः 6:00 से अपराह्ण 1:00 तक, प्रभारी सफाई निरीक्षक राजू राम को सफाई कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

दूसरे चरण में विभिन्न वार्डों की नाली सफाई का कार्य पूरा करने के लिए 5-7 जून की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही मानसून से पूर्व जल जमाव वाले स्थलों को चिन्हित कर मसलन रामनगर, आजाद मोहल्ला, गैस गोदाम गली, जैसे कई निचले इलाकों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद नप प्रशासक द्वारा 15 जून के पूर्व लगातार सभी मुख्य नालों की सफाई की समीक्षा व स्थल निरीक्षण किया जाएगा।

## रेलवे निर्माण कार्य में अवैध मिट्टी का उत्खनन जोरो पर



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा अंचल क्षेत्र में शिवपुर-कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य में लगे संवेदकों द्वारा व्यापक पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की भौगोलिक संरचना बिगड़ रही है और सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। घनगड़ा गांव में निजी और सरकारी भूमि से अवैध मिट्टी उत्खनन का कार्य जोरों पर है। धनगड़ा गांव निवासी पनवा देवी ने अंचलाधिकारी विजय कुमार दास से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। अंचलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी अभय रंजन और रविषेक कुमार ने धनगड़ा गांव पहुंचकर स्थल जांच की है, जिसमें कई गड़बड़ियां पाई गई हैं।

## सड़क बनाने के विरुद्ध रैयत हुए गोलबंद

**चतरा।** पथलगड्डा के मां भगवती मंदिर परिसर में 16 गांव के ग्रामीणों की बैठक में सिमरिया से पत्थलगड्डा होते हुए इंदिरा गिद्धौर मोड तक 100 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य पर चर्चा हुई। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजकर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, उन्हें भूमि अधिग्रहण का नोटिस मिलना चाहिए और मुआवजे की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। ठेकेदार बिना किसी लिखित आदेश के रैयतों की भूमि पर तेजी से सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रहा है, जिससे वे अपने भूमि का उचित मुआवजा पाने से वंचित हो रहे हैं। बैठक में 16 गांव के ग्रामीणों ने एक कमेटी का गठन किया।

## सजने के हैं शौकीन श्याम कोई कसर न रहे...

# राधा-कृष्ण मंदिर में झूमे श्रद्धालु भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री राधा-कृष्ण मंदिर झुमरी में लाड़ली जू के लाड़ले भजन मंडली के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं राधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मौके पर स्थानीय भजन कलाकारों ने दरबार और तालाब के बीच में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। वहीं लाड़ली जू के लाड़ले समिति के नीतीश गुप्ता एवं नीतीश बर्णवाल ने बताया कि प्रति दिन संध्या 7:30 बजे से 9 बजे तक भजन कार्यक्रमों का आयोजन होता है। यहां स्थानीय कलाकार दरबार में पहुंचकर भगवान कृष्ण और राधा को भजनों के माध्यम से रिझाने का काम करते हैं। भजन गायक मधु सिंह ने सजने का शौकीन हैं बाबा श्याम कोई कसर न रहे ऐसा कर दो श्रृंगार सब देखते रह जाए., उर्वसी पांडेय ने तेरी मंद-मंद मुसकनिया से., दिव्या कुमारी ने छोटी-छोटी गैया छोटे-छोटे से ग्वाल छोटो से मेरे मदन गोपाल., ऋचा देवी, रानी कुमारी, प्रियंका कुमारी ने सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया. सुमन कुमारी ने गौरा के चुनरी पे ओम लिखा है., संजीव पांडेय ने डिमका-डिमका कर डमरू बाजे, नीतीश गुप्ता ने बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय., संजय कुमार तिवारी ने अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो., मनीष कुमार, उमेश यादव ने हरे राम हरे राम रामा रामा हरे-हरे. तथा नीतीश बर्णवाल ने रामा-रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया जैने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खूब झुमाया। पूजा-अर्चना पंडित रणधीर पांडेय ने कराई। मौके पर पप्पू सिंह, अरविंद चौधरी, राजू आजमानी, मनोज आजमानी, आर्यन हर्षराज सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।



सजा राधा-कृष्ण का दरबार

## वज्रपात की चपेट में आने से दो गाय की मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मडुआटांड छठ तालाब के समीप शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो गाय की मौत हो गई। घटना को लेकर खटाल संचालक मनोज कुमार त्यागी पिता राजेंद्र यादव ने बताया कि खटाल के समीप एक जलेबी की पेड़ के नीचे उन्होंने अपने करीब 32 पशुओं को बांधकर रखा था। इसी दौरान दोपहर में अचानक बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो गाय की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया की करीब एक महीने पहले वह गाय को रोहतास जिले में आयोजित पशु मेला से खरीद कर लाए थे।

## कोल वाहन के चपेट में आने से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क के रहमत नगर के समीप एक कोयला वाहन ने साइकिल सवार सतेंद्र साव को टक्कर मार दी, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। 45 वर्षीय सतेंद्र साव तेलियाडीह के निवासी थे और दुर्घटना के समय साइकिल से आ रहे थे। कोयला वाहन विपरीत दिशा से आ रहा था और उसने सतेंद्र साव को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और नो इंट्री, नौकरी और मुआवजे की मांग करने लगे।

